नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 13/09/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 09	क्रम सं0(Serial No.) 3

सीआईएसएफ की टीम ने नक्सलियों के एक बड़े हमले को किया नाकाम

नई दिल्ली, 12 सितंबर (नवोदय टाइम्स): छत्तीसगढ़ के बीआईओएम किरंदुल में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की यूनिट सदस्यों ने नक्सलियों के बड़े हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। बल के जवानों ने नक्सलियों द्वारा जमीन में छुपाकर रखे गए करीब 3 किलोग्राम वजन के प्रेशर एक्टिवेटिड इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का न सिर्फ सफलतापूर्वक पता लगा लिया, बल्कि सतर्कता, दक्षता और विशेषज्ञता का प्रदर्शन करते हुए उसे सुरक्षित निष्क्रिय भी कर दिया। बल के जवानों के इस त्वरित और साहसी कार्य ने न केवल बहुमूल्य जिंदगियां बचाई, बल्कि एक संभावित आपदा को भी टाल दिया।

तीन किलोग्राम वजन के प्रेशर एक्टिवेटिड आईईडी को ढूंढकर किया निष्क्रिय

बल के उप महानिरीक्षक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत किशोर ने बताया कि वीरवार को बीआईओएम किरंदुल में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) विस्फोटक वैन की आवाजाही निर्धारित थी। वैन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीआईएसएफ की टीम को लोहागांव जंक्शन के रास्ते को सुरक्षित करने के लिए एरिया डोमिनेशन तथा सेन्सिटाइजेशन के लिए तैनात किया गया था। एरिया तलाशी अभियान के दौरान, सीआईएसएफ टीम ने सड़क के किनारे नक्सलियों द्वारा छिपा कर लगाए गए 3 किलोग्राम वजन के एक प्रेशर आईईडी का पता लगाया। जानकारी मिलते ही बल के कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संपूर्ण क्षेत्र को घेर सुरक्षित कर लिया, ताकि उस स्थान पर कोई आम लोग या नक्सली न पहुंच सके।